Ans. (c) कोटा बैराज से जल विद्युत का उत्पादन नहीं किया जाता है, बल्कि यह एक सिंचाई परियोजना है। इस बैराज का निर्माण चंबल नदी पर किया गया है।

977. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

लिफ्ट नगर	लाभान्वित जिले
(a) कोलायत	जोधपुर, बीकानेर
(b) गजनेर	बीकानेर, नागौर
(c) फलौदी	जैसलमेर, बीकानेर
(d) बांगड़सर	बीकानेर, जैसलमेर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (d) सही सुमेलन है।

	लिफ्ट नहर		लाभान्वित जिले
A.	कोलायत	-	जोधपुर, बीकानेर
B.	गजनेर	-	बीकानेर, नागौर
C.	फलौदी	-	जैसलमेर, बीकानेर
D.	बांगड़सर	-	बीकानेर

978. निम्न को सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कुटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) जवाहर सागर बाँध — (a) चित्तौड़गढ़
(2) राणा प्रताप सागर बाँध — (b) कोटा
(3) उम्मेद सागर बाँध — (c) बाँसवाड़ा
(4) माही बजाज सागर बाँध — (d) भीलवाड़ा

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	(a)	(d)	(c)	(b)
(b)	(b)	(a)	(d)	(c)
(c)	(a)	(b)	(c)	(d)
(d)	(b)	(d)	(a)	(b)

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (b) सही सुमेलन है

- जवाहर सागर बाँध (चम्बल नदी) - कोटा
- राणा प्रताप सागर बाँध (चम्बल नदी) - रावतभाटा, चित्तौड़गढ़
- उम्मेद सागर बाँध - भीलवाड़ा
- माही बजाज सागर बाँध (माही नदी) - बाँसवाड़ा

979. मानसी वॉकल परियोजना से किस शहर को पेयजल उपलब्ध किया जाएगा?

(a) राजसमन्द (b) पाली
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) उदयपुर शहर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु राजस्थान सरकार द्वारा मानसी वॉकल योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे उदयपुर शहर को वर्ष 2022 तक पर्याप्त जल आपूर्ति हो सकेगी। यह राजस्थान सरकार एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की संयुक्त परियोजना है।

980. पार्वती सिंचाई परियोजना निम्नलिखित जिलों में से किसके लिए लाभप्रद है?

(a) गंगानगर (b) धौलपुर
(c) अलवर (d) पाली

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) पार्वती सिंचाई परियोजना राजस्थान के धौलपुर जिले में पार्वती नदी पर वर्ष 1959ई. में बनायी गयी, जिसके तहत आंगई बांध बनाकर धौलपुर जिले की सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

981. छापी सिंचाई परियोजना अवस्थित है-

(a) झालावाड़ में (b) कोटा में
(c) बारां में (d) बूंदी में

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (a) छापी सिंचाई परियोजना झालवाड़ा (अकलेरा तहसील) में स्थित है। यह छापी नदी पर निर्मित है।

982. 'सावन-भादों सिंचाई परियोजना' राजस्थान के कौन से जिले में स्थित है?

(a) बूँदी (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) जोधपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (c) सावन-भादों सिंचाई परियोजना कोटा जिले में स्थित है। 9वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इसका निर्माण किया गया है। यह मध्यम आकार की परियोजना है।

983. राजस्थान में मध्यम श्रेणी की गरदडा सिंचाई परियोजना किस जिले में प्रस्तावित है?

(a) कोटा (b) बूँदी
(c) बारां (d) झालावाड़

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (b) गरारडा (गरदड़ा) सिंचाई परियोजना बूंदी जिले में प्रस्तावित हैं। यह मांगली, डूंगरी एवं गणेश नाला पर बनायी जा रही है। इसकी सिंचाई क्षमता लगभग 9000 हेक्टेयर है।

984. राजस्थान में भीम -सागर सिंचाई परियोजना कहाँ स्थित है?

(a) कोटा (b) बूँदी
(c) बारां (d) झालावाड़

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (d) भीम-सागर सिंचाई परियोजना राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित है। यह परियोजना राजस्थान के ''उजाड़ नदी'' पर है। झालवाड़ जिले में स्थित अन्य जल परियोजनाएँ निम्नलिखित है-
- हरिश्चन्द्र सागर परियोजना
- चंवली परियोजना
- छापी परियोजना
- पिपलाद परियोजना आदि।

985. झालावाड़ जिले में कौन सी परियोजना का निर्माण नहीं किया गया है?

(a) भीम सागर
(b) सावन-भादो परियोजना
(c) छापी-परियोजना
(d) हरिशचन्द्र सागर

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018